



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 148 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 13 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया


## हवाई पट्टी का विकास होगा

### बजट सत्र में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने की घोषणा

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को बजट पेश किया। उन्होंने नीमच में भी हवाई पट्टी का विकास करने की घोषणा की। नीमच विधानसभा क्षेत्र से चौथी बार चुने गए विधायक दिलीप सिंह परिहार ने क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रस्ताव रखे थे। इनमें हवाई पट्टी का विकास करने के साथ ही जीरन बाइपास का निर्माण और कुचड़ोद से चीताखेड़ा तक डबल सड़क शामिल था। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने के साथ डोम और सामुदायिक भवनों का निर्माण कराने की बात कही थी।

जावद विधानसभा से पांचवीं बार विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने भी विकास प्रस्ताव भेजे थे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़को के निर्माण और पुरानी जर्जर सड़को की मरम्मत पर जोर दिया था। इसके अलावा स्कूल और महाविद्यालय का उन्नयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवनों के निर्माण की मांग की थी।

## खून से लथपथ मिला युवक का शव

**रतलाम, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर स्थित ग्राम जड़वासा कला में बुधवार सुबह खून से लथपथ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव सड़क के किनारे काले पानी के सूखे खाल में पड़ा मिला है। युवक के गले पर चाकू के निशान है। पास में ही चाकू भी रखा मिला। आशंका है कि युवक की हत्या की गई है।

शव मिलने की सूचना पर नामली थाना व बांगरोद पुलिस चौकी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। युवक ने शरीर पर टी-शर्ट और जीन्स (पेंट) पहन रखी है। जीन्स पेंट कमर से नीचे तक खुली मिली है। बाइक भी शव से कुछ ही दूरी पर मिली है।मृतक की शिनाख्त ईश्वर डोडियार उम्र 32 साल निवासी सिमलावदा खुर्द के रूप में हुई है है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच वह घर से खेत पर जाने का बोल कर निकला था। ईश्वर शादीशुदा था। इधर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंच गई है। आसपास क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# स्कूल संचालक बने पेड़ों के हत्यारे..!

## कमीशन के फेर में हर बार बदलते प्रकाशक, नहीं मान्य करते पुरानी किताबें



**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस। स्कूलों में किताबों को लेकर हर साल चलता कमीशन का खेल अभी तक अभिभावकों की जेब पर ही भारी पड़ रहा था। लेकिन, इस मनमानी का शिकार हो रहे हैं पेड़। हर साल स्कूल संचालक जानबुझकर किताबों के प्रकाशक बदल देते हैं। मतलब साफ है कि अप्रत्यक्ष रूप से विद्यार्थियों को नया कोर्स खरीदने को मजबूर किया जाता है। जबकि, पुरानी किताबों को मान्य नहीं किया जाता। कुछ साल पीछे चले तो विद्यार्थी पुरानी किताबों से ही पढ़ाई करते थे। स्कूलों की मनमानी का असर यह हो रहा है कि पुरानी किताबें रद्दी में बिक रही है। नई किताबों को तैयार करने के लिए पेड़ो को काटा जा रहा है।**

सिलेबस तय करने में स्कूलों की ओर से मनमानी की जाती है। चंद विषयों की पढ़ाई के लिए बच्चों को सभी कॉपी किताबें लेकर जाना पढ़ता है। एक विषय की दो- दो किताबें और तीन- तीन कॉपियां होती हैं। यही नहीं बैग में मौजूद इन कॉपी किताबों की कीमत भी पांच हजार रुपए से अधिक तक होती है। यह भी कमीशन के आधार पर तय होता है। मसलन, कोई प्रकाशन अपनी किताबों के लिए ज्यादा कमीशन दे, तो उसकी किताबें सिलेबस में शामिल कर ली जाती हैं। शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही बुक सेलर स्कूलों के चक्कर काटने शुरू कर देते हैं। स्कूल संचालकों को तरह-तरह की स्कीम बताते हैं और कमीशन भी ऑफर करते हैं।

सूत्रों के अनुसार बुक सेलर किताबों की बिक्री के मुनाफे का 60 प्रतिशत तक स्कूलों को ऑफर कर देते हैं। मोटा कमीशन मिलने के लालच में स्कूल संचालक कोर्स बदल देते हैं। बस फिर तो बुक सेलर की मनमानी शुरू हो जाती है। वह कोर्स में अपनी मर्जी से किताबें देते हैं और बच्चों पर ज्यादा कोर्स थोप दिया जाता है। यही कारण है कि बच्चों के बस्तों का बोझ भी बढ़ जाता है।

### तो पेड़ बोलेगा थैंक्यू...

हर एक किताब के लिए किसी पेड़ को जान गंवाना पड़ती है। उन्हीं किताबों में हम पर्यावरण को बचाने के लिए लंबे-लंबे लेख और निबंध पढ़ते हैं। शायद ही कभी किसी के जेहन में आता होगा कि इनके लिए कितने पेड़ो की बलि चढ़ा दी जाती है। आंकड़ों के अनुसार करीब एक लाख किताबों के लिए एक हजार पेड़ो को काट दिया जाता है। हर साल नई किताबों के लिए हजारों हेक्टेयर के जंगल तबाह हो जाते हैं। प्रकृति के इस शोषण को रोकने में स्कूल संचालक मददगार हो सकते हैं। अगर कमीशन के खेल से स्कूल संचालक बाहर निकले और पुरानी किताबों को इजाजत दे तो निश्चित ही कहीं कोई पेड़ उन्हें थैंक यू बोलेगा।

### राइट-टू एजुकेशन का नहीं हो रहा पालन...

निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (राइट-टू-एजुकेशन) का पालन नहीं हो रहा है। इस अधिनियम में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने के निर्देश हैं। जिससे कि बच्चों को पढ़ाई के बारे में आसानी से समझाया जा सके। शासन का मानना है कि खेल-खेल में बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाया जा सकता है। ऐसा करने से बच्चे का मन पढ़ाई में भी लगेगा। लेकिन, बच्चों पर तो केवल किताबों का ज्ञान थोपा जा रहा है। यही कारण है कि बच्चे पढ़ाई से जी चुराते हैं और उनका ध्यान पढ़ाई से हटकर दूसरी तरफ चला जाता है।

# नई आबादी पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर गिरोह

## पांच राज्यों की पुलिस कर रही थी तलाश, 20 चोरियां कबूली, सोना-चांदी के जेवर और वाहन जप्त





**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शहर की नई आबादी थाना पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को दबोच कर कई चोरियो का खुलासा किया है। इन चोर बदमाशो का इंतजार चार राज्यों की पुलिस कर रही थी। नई आबादी पुलिस के हत्थे एक बड़ी चोर गैंग के चार शातिर बदमाश चढ़े हैं। इन चोरों ने मंदसौर जिले में कई जगहों पर चोरी की वारदात की। यहीं नहीं राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य जगहों पर करीब 20 चोरियों की वारदातों को इन्होंने कबूल किया है। आरोपियों से कार और बाइक सहित अन्य सामान जप्त किया गया है।**

पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने सीतामऊ फाटक ब्रिज के नीचे दबिश दी। यहां घेराबंदी कर सोनू पिता जगदीश मालवीय निवासी चडौली जिला नीमच, रमेश पिता पन्नालाल निवासी सारंग का खेड़ा जिला भीलवाड़ा हालमुकाम चडोली जिला नीमच, विशाल पिता बाबूराम निवासी चड़ोली जिला नीमच और रवि पिता रमेश निवासी मांडलगढ़ जिला भीलवाड़ा हालमुकाम चडोली जिला नीमच को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने मंदसौर जिले के अलावा अन्य राज्यों में चोरी की वारदातों को कबूल किया। आरोपियों के पास से एक ईको कार, एक बिना नंबर की बाइक और सोने चांदी के आभूषण जब्त किए गए है।

### विशाल करता था बाईक से रैकी...

आरोपी बदमाश विशाल जहां चोरी करना होती थी, वहां पहले बाईक से अपनी पत्नी के साथ जाता था और रेकी करता था। बाद में अपनी गैंग के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। किसी को शक नहीं हो इसलिए ट्रक लेकर जाते थे और अपनी बाईक भी ट्रक में ही लोड करते थे। वारदात को अंजाम देकर पुनः ट्रक में चोरी के सामान के साथ बाईक भी लोड कर पुनः अपने मुकाम पर पहुंच जाते थे।

### 15 तक रिमांड पर बदमाश...

मामले में पुलिस द्वारा दबोचे गए आरोपी सोनू पिता जगदीश मालवीय निवासी चडौली जिला नीमच, रमेश पिता पन्नालाल निवासी सारंग का खेड़ा जिला भीलवाड़ा हालमुकाम चडोली जिला नीमच, विशाल पिता बाबूराम निवासी चड़ोली जिला नीमच और रवि पिता रमेश निवासी मांडलगढ़ जिला भीलवाड़ा हालमुकाम चडोली जिला नीमच को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को 15 मार्च तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। अब पुलिस उनसे विस्तृत पूछताछ कर रही है।

### बदमाशों ने यहां की चोरियां...

पुलिस कप्तान ने बताया कि आरोपियों ने नवकार गोल्ड कॉलोनी संजीत रोड, गांधी नगर मंदसौर, जिले के ग्राम निपानिया मेघराज, जिले के ग्राम मैनपुरिया, दलौदा के पद्मिनी विहार, जय माणक कॉलोनी संजीत रोड मंदसौर, श्रीजी कॉलोनी संजीत रोड मंदसौर, जिले के ग्राम डिगांव, नारायणगढ़ थाना क्षेत्र, गुना, शिवपुरी, पिछोर, धुलिया महाराष्ट्र, माले गांव महाराष्ट्र, गुजरात के डीसा, पालमपुर गुजरात, कोटा राजस्थान, छोटी सादडी राजस्थान, कितुखेड़ी नारायणगढ़ में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी, दो बीघा में खड़ी फसल जली

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** झालरी गांव में एक किसान के खेत में भीषण आग लग गई। खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी के टैंकर और अन्य साधनों की मदद से करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

किसान शांतिलाल गुर्जर के अनुसार उनके दो बीघा खेत में गेहूं की फसल तैयार थी। कटाई की तैयारी चल रही थी। आग में लगभग 25 क्विंटल गेहूं जलकर नष्टहो गया। इससे किसान को करीब 60 से 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। सौभाग्य से आग आसपास के खेतों तक नहीं फैली वरना नुकसान और अधिक हो सकता था।





**आगामी त्योहारों (होली, घुलेंडी, रंगपंचमी ) को दृष्टिगत रखते कलेक्टर मंदसौर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद के नेतृत्व में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर मंदसौर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद के नेतृत्व में सुरक्षा की दृष्टि से शहर के मुख्य संवेदनशील मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी, एडीएम श्रीमती एकता जायसवाल, एसडीएम शिवलाल शाक्य एवं अन्य पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। फ्लैग मार्च घंटाघर से प्रारंभ होकर मंडी गेट, प्रतापगढ़ पुलिया, खानपुरा, धानमंडी, नयापुरा, आर के हॉस्पिटल होते हुए श्री कोल्ड, नाहर सैयद दरगाह , लक्ष्मीबाई चौराहा, बंटी चौराहे होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुआ।**



**अतिक्रमण – नगरपालिका कर्मचारियों ने होली के त्यौहार को देखते हुए गांधी चौराहे पर खड़े हाथ ठेले वालों को हटाया।**

## बजट में मंदसौर को मिली 17 सड़कें...

# मल्हारगढ़ में फ्लाय ओवर को मंजूरी..!

## सात साल से था स्वीकृति का इंतजार, मंदसौर जिले में बनेगी 17 सड़कें

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के वित्त मंत्री, मल्हारगढ़ विधायक श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसमें कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। इस बजट में मंदसौर जिले को कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मंजूरी मिली है। सबसे महत्वपूर्ण मल्हारगढ़ का फ्लॉयर ओवर है। जो सात साल से स्वीकृति का इंतजार कर रहा था। मल्हारगढ़ नगर में 33 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज बनेगा। नगर के मध्य से गुजरने वाले हाईवे पर लगातार हो रहे दुर्घटनाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।




### 2018 से कर रहा था स्वीकृति का इंतजार...

मल्हारगढ़ नगर महू-नीमच राजमार्ग के दोनों तरफ बसा होने से नगरवासियों व आसपास के ग्रामीणों को दिनभर राजमार्ग से गुजरना पड़ता है। इससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। पूर्व में ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने पर शासन ने 2018 में अनुपूरक बजट में फ्लायओवर स्वीकृत किया। इस पर सेतु विकास निगम ने अप्रैल 2018 में 20 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया। वित्त मंत्री के गृह क्षेत्र में प्रोजेक्ट स्वीकृति का इंतजार कर रहा था। आखिरकार देर से ही सही 33 करोड़ रुपए के इस ब्रिज को स्वीकृति मिल गई।

बता दे कि मल्हारगढ़ की आबादी 15 हजार से अधिक है। इसके बीच से महू-नीमच राजमार्ग निकल रहा है। संजीत, नारायणगढ़ की तरफ पुराना नगर बसा है। जहां करीब 40 फीसदी आबादी है। दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन, तहसील कार्यालय, स्कूलों सहित नगर की 60 फीसदी आबादी रहती है। ऐसे में रोज नगर व आसपास गांवों के 60 हजार से अधिक लोगों को महू-नीमच राजमार्ग पार करना होता है। प्रतिदिन लाखों छोटे, बड़े वाहन नगर के मध्य तेज गति से गुजरते हैं। इससे यहां आए दिन हादसे होते हैं। इसके चलते यह चौराहा 05 साल तक ब्लैक स्पॉट में शामिल रहा। कई हादसे यहां हो चुके हैं। इसे देखते हुए क्षेत्रीय विधायक और वर्तमान में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा की मांग पर 2018 में अनुपूरक बजट में शासन ने फ्लायओवर को मंजूरी दी थी। इसके बाद सेतु विकास विभाग ने करीब 20 करोड़ रूपए के फ्लायओवर की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी। हालांकि, अब जाकर ब्रिज को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

प्रोजेक्ट के अनुसार मल्हारगढ़ से गुजरने वाला फ्लायओवर महू-नीमच राजमार्ग पर नगर की सीमा से प्रारंभ होता, जो अंत में वापस राजमार्ग पर उतरता। यह 800 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा बनाने का प्लान किया गया है। जो नीचे चौराहा के यहां 6.5 मीटर चौड़े व 07 मीटर ऊंचाई के दो ब्लॉक लगाए जाते। जिससे नगरवासी व आसपास के ग्रामीण राजमार्ग के नीचे से आवागमन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त ब्लॉक के पास दोनों तरफ 6-6 ओपनिंग रखने की प्लानींग भी थी, जहां से दोपहिया व चारपहिया वाहन निकल सकेंगे।

### 60 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ...

राजमार्ग के एक तरफ तहसील कार्यालय सहित कई विभाग बने हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ मल्हारगढ़ नगर व उसके बाद नारायणगढ़, टकरावद, संजीत, बूढ़ा सहित आसपास 40 गांव के 60 हजार से अधिक लोग तहसील कार्यालय व अन्य विभागों में काम के लिए राजमार्ग को पार कर जाते हैं। फ्लायओवर बनने के बाद यह लोग राजामार्ग के नीचे से निकल सकेंगे। इससे दुघर्टनाओं का खतरा कम हो जाएगा।

### दो माह में होना थी स्वीकृति, लग गए सात साल...

विभाग के जानकारों के अनुसार बजट में अंकित होने के बाद स्वीकृति में देरी नहीं होना चाहिए थी। क्षेत्रीय कार्यालय प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार कर ईई को भेजता है, जो चीफ इंजीनियर व इंजीनियरिंग चीफ तक जाती है। यहां से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने में अधिकतम दो से तीन माह का समय लग सकता है। हालांकि ब्रिज को स्वीकृति के लिए सात साल का इंतजार करना पड़ा।

### इन सड़कों को भी मिली स्वीकृति...

जिले के लिए बजट में चांदाखेड़ी फाटा से खजुरिया तक सड़क, जड़वासा से खजुरिया सारंग सागवाली मार्ग, धमनार से छाजू खेड़ा मार्ग,भांगी पिपलिया से आक्या पालरा मार्ग, लोध से भूखी मार्ग, गर्रावद से चिल्लोद पिपलिया मार्ग, नारायणगढ से मूंदेडी मार्ग, ढाणी से भेरुजी मंदिर तक सड़क, टकरावद से खेड़ा तक सड़क, नटाराम से कोटेश्वर, बोरखेड़ी से बाबुखेड़ा, अक्याबिका से मगराना, बरियां फांटा से छोटी गुड़भेली, मुंडकोष से सुजानपुरा, निपानिया से बड़वन -कुचड़ोद रोड, चंगेरी से खेरखेड़ा, अरनिया से लसुड़िया तक की सड़क को भी स्वीकृति मिली है।

# समृद्धि का संकल्प है बजट 2025-26:मंत्री सुश्री भूरिया

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा द्वारा प्रस्तुत बजट को महिलाओं की समृद्धि का संकल्प बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये 27 हजार 147 करोड का बजट प्रावधानित किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि 'यत्र नारियस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' की भावना को आत्मसात करते हुए सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसानों और नारी शक्ति पर केन्द्रित है।



मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार और परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ करने के लिये 'मुख्यमंत्री लाडली बहना' योजना में वर्ष 2025-26 में 18 हजार 669 करोड रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। 'लाडली लक्ष्मी' योजना में 1183 करोड, आंगनवाडी सेवाएं (सक्षम आंगनवाडी और पोषण 2.0) में 3729 करोड रूपये और 'विशेष पोषण आहार' योजना में 1166 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि इस वर्ष बजट में आंगनवाडी केन्द्रों के भवन निर्माण के लिये 350 करोड रूपये और पोषण अभियान (एनएनएम) में 223 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। नॉन इन्स्टीट्यूशनल केयर स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर के तहत 144 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। समेकित बाल संरक्षण योजना में 124 करोड रूपये का प्रावधान इस वर्ष किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि इस बजट में महिलाओं और बच्चों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सरकार का यह प्रयास न केवल सामाजिक सशक्तिकरण को बढावा देगा बल्कि प्रदेश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# विकास को गति देने वाला बजट-पाटीदार



**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बजट को लेकर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार ने बताया कि ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी, मुख्यमंत्री मोहन जी यादव के विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश का बजट है। ये प्रदेश के विकास और जनकल्याण को गति और नई दिशा दे रहा है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवडा ने खुशहाली भरा बजट पेश किया है। विशेषकर महिलाओं के लिए योजनाओं के लिए अभूतपूर्व प्रावधान इस बजट में हैं। श्रमिकों के लिए संबल योजना के साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 450 करोड रूपये का बडा बजट रखा गया है। प्रधानमंत्री योजना आवास के लिए 1100 करोड का बजट रखा गया है इससे गरीब वर्ग के के स्वयं के घर का सपना पूरा हो पायेगा। गांवों के स्तर को सुधारने के लिए उसे गति देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए वर्ष 2025-26 में रुपए 19050 करोड का प्रावधान प्रस्तावित है। 3 लाख नई नौकरियों से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, कोई नया कर नहीं लगाया गया है यह इस बजट की सबसे बडी विशेषता रही है। बजट में महिला, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी, युवाओं सभी वर्गों का पूरा - पूरा ध्यान रखा गया है।

# किसान, महिलाओं और बेरोजगारों से वादा खिलाफी का बजट-डा.तोमर

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवडा ने आज जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातें ही है, हकीकत कुछ नहीं है। हद तो इस बात की है कि चुनाव के बाद दूसरा बजट पेश कर दिया गया लेकिन चुनाव में किए गए वादे अब तक नहीं निभाए गए। यह बात मध्यप्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कही है।



डॉ तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश की बहनें इस बात की प्रतीक्षा कर रही थीं कि बजट में उन्हें ?3000 प्रति महीने लाडली बहना योजना में दिए जाने की घोषणा की जाएगी। लेकिन सरकार ने अपने चुनावी वादे के बारे में एक शब्द नहीं बोला दूसरी तरफ जब से वर्तमान सरकार बनी है तब से लाडली बहना योजना में महिलाओं की संख्या लगातार कम होती जा रही है। कन्या विवाह योजना में भी 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 77% हितग्राही कम हो गए हैं। 2023-24 में जहां 59445 बेटियों को कन्या विवाह योजना में लाभार्थी बनाया गया था, वहीं 2024-25 में यह संख्या घटकर 13490 रह गई है। डॉ तोमर ने कहा कि इसी तरह किसान भाइयों को उम्मीद थी कि बजट में गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र के अनुसार ?2700 प्रति क्विंटल और 3100 रुपए प्रति कुंटल करने की घोषणा की जाएगी लेकिन इस बारे में भी वित्त मंत्री ने एक शब्द नहीं बोला। मध्य प्रदेश का किसान निरंतर खाद, बीज, बिजली और पानी के संकट से जूझता है लेकिन इस दिशा में बजट में कोई कदम नहीं उठाया गया। डॉ तोमर ने कहा कि सबसे बडे दुर्भाग्य की बात यह है कि बजट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सर्व समाज के लिए किसी बुनियादी विकास की घोषणा नहीं की गई है। डॉ तोमर ने कहा कि वर्तमान सरकार का बजट पूरी तरह से निराश करने वाला है और इससे मध्य प्रदेश के नवनिर्माण का कोई रास्ता नजर नहीं आता।

## गरीब कल्याण, नारी शक्ति, युवा शक्ति और अन्नदाता को समर्पित है यह बजट-दीक्षित

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आज प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु प्रदेश की जनता के लिए प्रस्तुत किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी द्वारा 4,21,032 करोड़ का बजट हर वर्ग के विकास और विश्वास का है यह प्रदेश के विकास, समृद्धि और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक हैं। यह बजट प्रदेश सरकार की नीति सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग गरीबों, अन्नदाता, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है।



यह सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता है, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी लगभग 500 करोड़ की नवीन सड़को के लिये बजट में प्रावधान किया गया है, जिसमें लबें समय से प्रतिक्षित मंदसौर सीतामऊ सुवासरा फोरलेन मार्ग भी सम्मिलित है।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना की राशि नहीं बढ़ाना महिलाओं के साथ धोखा-टूटेजा

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट पेश किया है वह हमेशा की तरह सिर्फ और सिर्फ आंकड़ों का मायाजाल है। जिन लाडली बहनों के वोटों से पुन: सरकार में आई भाजपा ने इस बजट में एक बार फिर उन सभी लाडली बहनों से धोखा करते हुए लाडली बहना योजना की राशि नहीं बढाई है जबकि इसी सरकार ने वादा किया था कि यह राशि तीन हजार रूपयें तक बढ़ाई जायेंगी।



बजट में किसानों के लिए भी कुछ नहीं है हर बार भाषणों में किसानों की आय दुगुनी करने की बात कही जाती है लेकिन धरातल पर इसे उतारा नहीं जाता है इस बजट में भी किसानों के लिए विशेष कुछ नहीं है। टूटेजा ने बताया कि वित्त मंत्री ने 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने की घोषणा की है लेकिन यह नहीं बताया कि पिछले साल जिन मेडिकल कॉलेज को खोलने की घोषणा की गई थी उनके विषय में अब तक क्या प्रगति हुई है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति यह है की पीएम श्री कॉलेज और सीएम राइज स्कूल आज तक कांग्रेस सरकारों के जमाने में बनाए गए स्कूल और कॉलेज की इमारत में चल रहे हैं। वहां योग्य शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति तक नहीं की गई है। मध्य प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को कम करने की दिशा में सरकार की कोई सोच नहीं है। हालत यह है कि मध्य प्रदेश सरकार के बजट का जितना आकार है, तकरीबन उतना ही कर्ज प्रदेश सरकार के उपर चढ चुका है। प्रदेश के उपर 4 लाख करोड से अधिक का कर्ज है। जो प्रति व्यक्ति के मान से 55 हजार रूपये है इतना निराशाजनक और शर्मनाक बजट को लेकर वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

## प्रदेश सरकार का बजट दिशाहीन, सिर्फ भारी भरकम आंकडे दिखाकर सरकार की मंशा ऋण लेने तक-भाटी

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश की श्री मोहन यादव सरकार का बजट दिशाहिन है। इस बजट में सिर्फ भारी भरकम आंकडो का समावेश करते हुये आमजन को यह भरोसा दिलाने का प्रयास किया गया है कि सरकार उनके लिये कार्य कर रही है जबकी जमीनी हरकत यह है कि पिछले बजट के समान यह बजट भी युवाओ, महिलाओं के साथ ही अन्नदाता किसानो के लिये यह छलावा साबित होगा।



यह बात जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी ने कही। उन्होनें बुधवार को प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि सरकार ने लाडली बहना योजना में राशि बढाने से इंकार करते हुये अटल पेंशन योजना से जोडने का दावा किया है लेकिन अटल पेंशन स्कीम असंठित कामगारो के लिये है जिसका लाभ 60 साल की उम्र के उपरांत ही मिलता है। सरकार ने एक बार फिर से युवाओ को तीन लाख रोजगार देने का वादा किया है लेकिन इसके उलट प्रतिवर्ष हजारो युवाओ का रोजगार समाप्त हो रहा है।

## बजट में विकासवादी सोच का अभाव

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रकाश रातड़िया ने बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इस बजट में विकासवादी सोच का अभाव है। एक बार फिर यह साबित हुआ की किसानों की आय दुगनी करने का भाजपा का नारा महज छलावा है, इस हेतु कोई प्रावधान बजट में नहीं है।



युवा को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा शिक्षा चिकित्सा न्याय जैसी लोक कल्याणकारी मदों के लिये कोई उत्साहवर्धक राशि बजट में नहीं रखी गई। पंचायतों व नगर निकायों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का प्रावधान बजट में नहीं किया। मनरेगा जैसी क्रांतिकारी योजना के लिये धन का अभाव यथावत रहेगा। महंगाई, नशे व प्रदूषण निवारण जैसे मुद्दे अनदेखे कर दिये गये। वित्त मंत्री मंदसौर जिले से है किन्तु मंदसौर जिले हेतु कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया। बजट केवल औपचारिक बनकर रह गया है।

## भाजपा सरकार का बजट गांव, गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान विरोधी -गुर्जर

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव किसान नेता महेन्द्रसिंह गुर्जर ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गए बजट से आमजनों सहित गांव, गरीब किसानों, मजदूरों और नोजवानों में भारी जनाक्रोश है।



श्री गुर्जर ने कहा कि इस बजट मे महँगाई पर कोई लगाम राज्य सरकार ने नही लगाई है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस सहित दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली आवश्यक वस्तुओं की बढती कीमतों में किसी भी प्रकार के राज्य स्तरीय टैक्स की कटौती नही करने से मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत नही मिलने से भारी जनाक्रोश है। श्री गुर्जर ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों की तकदीर और तस्वीर बदलने के साथ साथ ही मजदूरों के लिए एक वरदान साबित हुई है। बजट मे मनरेगा योजना में प्रयाप्त अतिरिक्त प्रावधन नही होने से मजदूरों को भारी नुकसान हुआ है। मनरेगा योजना का देश की आर्थिक विकास दर मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान रहता है। यह बजट किसानों, मजदूरों नोजवानों, महिलाओं के साथ साथ जनविरोधी साबित हुआ है। शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकार ने कोई गंभीर प्रयास नही किये हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# मप्र सरकार का बजट लोक कल्याणकारी-कियावत

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कियावत ने मध्यप्रदेश शासन के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लोक कल्याणकारी बजट बताया है बजट पर मीडिया के समक्ष अपनी राय व्यक्त करते हुए श्री कियावत ने कहा है कियह बजट लोक कल्याणकारी बजट है।



इस बजट में वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराने ओंकारेश्वर में महाकाल उज्जैन की तर्ज पर ओंकारेश्वर लोक बनाने का जो बजट में प्रावधान है उसमें मध्य प्रदेश मे धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में और आगे बडेगा रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिए तीन लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा हुई है वह भी ऐतिहासिक है हर जिले में खेल स्टेडियम के निर्माण से खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा !

मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विधानसभा में ऐतिहासिक बजट पेश किया है वित्तमंत्री व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने प्रदेश की जन आकांक्षाओं के अनुरूप बजट प्रस्तुात करते हूये इस बजट में 3500 किलोमीटर नई सड़क बनाने, ग्रामीण इलाकों में नई परिवहन सेवाएं शुरू करने, 22 नये आईटीआई कॉलेज के निर्माण करने का जो प्रस्ताव रखा है उसमें परिवहन व शिक्षा क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। लाडली बहना योजना को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की जो बजट में घोषणा हुई है, इसका लाभ 60 वर्ष से अधिक आयु की बहनों को मिलेगा, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाने की घोषणा से मध्यप्रदेश में महिलाओं को नया आत्मविश्वास जागृत होगा कुल मिलाकर यह बजट युवाओं किसानों एवं महिलाओं सभी के लिए समृद्धि का द्वार खोलने वाला बजट है,।

## मनासा विधानसभा को मिली सड़क विकास की बड़ी सौगात

**मनासा, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास के नए आयाम स्थापित करने हेतु मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह जी का हृदय से आभार। यह क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे कर्मठ, दूरदर्शी एवं जनहितैषी विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू जी के अथक प्रयासों से इन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिली है। उनका संकल्प हमेशा अपने क्षेत्र को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने का रहा है, और उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि मनासा विधानसभा में अधूरी पड़ी सड़क परियोजनाओं को गति मिल रही है।

## मप्र का बजट विकासवादी और भविष्य के निर्माण की सोच वाला दूरदर्शी बजट है-गुर्जर

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य ,पूर्व पार्षद विजय गुर्जर ने मध्य प्रदेश सरकार का बजट वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया इस बजट को स्वागत योग्य बताते हुए मध्यप्रदेश के निर्माण में मिल पत्थर साबित होने वाला बजट बताया है साथ ही मंदसौर संसदीय क्षेत्र का विशेष ध्यान भी इसमें रखा गया है



विजय गुर्जर ने कहा कि यह बजट विकासवादी दूरदर्शी और भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है साथ ही महिलाओं, किसानो ,गरीबो,युवाओं ,स्वास्थ्य,शिक्षा का पूरे बजट में विशेष ध्यान रखा गया है संसदीय क्षेत्र को बड़ी उपलब्धि वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा इस बजट में दी गई है नीमच मंदसौर नवीन चिकित्सालय प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस 400 सीटे तथा स्नाकोत्तर में 252 सीटों की योजना बनाकर स्वीकृत की है जो कि संसदीय क्षेत्र के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी इसके लिए संसदीय क्षेत्र की ओर विजय गुर्जर ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।

## समृद्ध मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक बजट-धनोतिया

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट समावेशी, विकासोन्मुखी एवं जनकल्याणकारी है। यह बजट प्रदेश के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



हेमन्त धनोतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत इस बजट में युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब कल्याण एवं अन्नदाता को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए व्यापक प्रावधान किए हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सपना साकार होगा। बजट में युवा एवं उच्च शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान कर कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की हैं। उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ का प्रावधान, लैपटॉप योजना के लिए 1,500 करोड़ का बजट, रोजगार एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 5,000 करोड़ का प्रावधान और युवाओं के लिए 50,000 नई सरकारी नौकरियों की घोषणा युवा वर्ग के लिए बेहतर भविष्य का आधार बनेंगी। यह बजट प्रदेश को समग्र विकास की दिशा में लेकर जाएगा। यह बजट हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर व्यक्ति को समर्पित है।

## सर्वहारा वर्ग के लिए लाभकारी है बजट, रोजगार के अवसर बढ़ेगे-चंदवानी

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने मप्र के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि



विधानसभा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवडा ने सर्वहारा वर्ग के लिए लाभकारी बजट पेश किया है। बजट में की सबसे बडी बात यह रही कि बजट में कोई नया टेक्स नही लगाया गया है। संबल योजना के लिए 700 करोड़ का बजट रखा गया है जो बडी बात है। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में बडा कदम उठाते हुए लाडली बहना योजना के लिए 18679 करोड़ रु दिये है और नये नाम जोडने की घोषणा भी हुई है जो स्वागत योग्य कदम है। बिजली से राहत के लिये 5700 करोड़ रूपये का बजट रखा गया है। रोजगार के क्षेत्र में बडा कदम उठाते हुए तीन लाख नई सरकारी नौकरियों की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना के लिए मप्र ने 2000 करोड़ का बजट रखा गया है इससे किसानों को लाभ होगा। शिक्षा के क्षेत्र में बडा कदम उठाते हुए सरकार ने कमजोर वर्ग के बच्चों को विदेश में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 4400 करोड़ का बजट रखा गया है इस गरीब का स्वयं के घर का सपना पूरा हो पायेंगा। कुल मिलाकर बजट में सभी वर्ग के लिए कुछ न कुछ है और यह बजट मप्र को आगे ले जाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

## जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला ऐतिहासिक बजट-श्रीमती गुर्जर

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मध्यप्रदेश शासन के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को ऐतिहासिक बजट बताया है बजट पर मीडिया के समक्ष अपनी राय व्यक्त करते हुए श्रीमती गुर्जर ने कहा है कि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विधानसभा में ऐतिहासिक बजट पेश किया है वित्तमंत्री व प्रदेश के उप मुख्यभमंत्री श्री जगदीश देवडा ने प्रदेश की जन आकांक्षाओं के अनुरूप बजट प्रस्तुात करते हूये इस बजट में 3500 किलोमीटर नई सड़क बनाने, ग्रामीण इलाकों में नई परिवहन सेवाएं शुरू करने, 22 नये आईटीआई कॉलेज के निर्माण करने का जो प्रस्ताव रखा है उसमें परिवहन व शिक्षा क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। लाडली बहना योजना को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की जो बजट में घोषणा हुई है, इसका लाभ 60 वर्ष से अधिक आयु की बहनों को मिलेगा, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाने की घोषणा से मध्यप्रदेश में महिलाओं को नया आत्मविश्वास जागृत होगा कुल मिलाकर यह बजट युवाओं किसानों एवं महिलाओं सभी के लिए समृद्धि का द्वार खोलने वाला बजट है।



## लाड़ली बहनों के लिए बजट में 18669 करोड़ रुपए का प्रावधान स्वागत योग्य -श्रीमती पाटीदार

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा डॉ विजय पाटीदार ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 18669 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है यह महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में बड़ा कदम है।



बजट में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपए दिये है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए वर्ष 2025-26 में रुपए 19050 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है यह स्वागत योग्य है इससे ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। 3 लाख सरकारी नौकरियों से रोजगार के अवसर बढ़ेगे। प्रधानमंत्री किसान योजना के लिए 2000 करोड़ रूपये से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा औद प्रदेश का किसान खुशहाल होगा। लाडली बहन योजना में नए नाम जोड़े जाएंगे इस फैसले से जो बहने पात्र होने के बावजूद पूर्व में छूट गई थी उन्हें लाभ होगा। ग्रामीण विकास सीएम राइज स्कूल के लिए 1017 करोड़ रूपये से ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के स्तर में सुधार आयेंगा।

## मप्र के बजट में श्रमिकों के लिए कुछ नहीं-कुमावत

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं युवा इंटक के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने मप्र के बजट को पूरी तरह से निराश करने वाला और इससे मध्य प्रदेश के नवनिर्माण का कोई रास्ता नजर नहीं आने बजट बताया है।



आपने कहा कि बजट को सिर्फ आंकड़ो में प्रस्तुत किया है वास्तिविकता इससे कौसो दूर है। बजट में श्रमिक वर्ग के लिए कुछ नहीं दिया गया है इससे श्रमिक को बड़ा धक्का लगा है। जो शिक्षक प्रायवेट स्कूलों में नौकरी करते है उनके लिए भी बजट में कुछ नही है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि बजट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सर्व समाज के लिए किसी बुनियादी विकास की घोषणा नहीं की गई है। मप्र के बढ़ते कर्ज को लेकर भी बजट में कोई प्लानिंग नहीं दिखी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 3 | 2295 | 2305 |
| उडद | 8 | 4901 | 6499 |
| सोयाबीन | 3551 | 3800 | 4120 |
| गैहु | 11000 | 2190 | 2732 |
| चना | 670 | 5000 | 5390 |
| मसुर | 181 | 5125 | 5970 |
| धनिया | 431 | 4800 | 7602 |
| लहसुन | 18000 | 3500 | 6000 |
| मैथी | 1152 | 3700 | 5818 |
| मुंगफली | 406 | 4000 | 5031 |
| अलसी | 650 | 5576 | 5910 |
| सरसो | 373 | 5100 | 5480 |
| तारामीरा | 17 | 4702 | 4752 |
| इसबगोल | 15 | 9900 | 12500 |
| प्याज | 957 | 450 | 1320 |
| कलोंजी | 1 | 16651 | 16651 |
| तुलसी बीज | 1 | 9301 | 9301 |
| डॉलर | 2 | 7011 | 8053 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 198 | 2000 | 2100 |
| मटरसुखी | 6 | 3800 | 4200 |
| असालीया | 165 | 6076 | 6501 |
| चियाबीज | 66 | 11001 | 13900 |


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 694/नामांतरण/2025 | **नामांतरण विज्ञप्ति** | मन्दसौर दिनांक 11.03.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 301x7/2025 | कैलाश मार्ग बस स्टेण्ड | 13 | गोडाउन 117/79 | महावीर कुमार पिता रुपचंद | इशहाकअली पिता हुसैन इस्माईल पिता अली हुसैन | नितिन पिता बालकृष्ण मालपानी | विक्रय पत्र |
| 2 | 302x7/2025 | आनंद विहार एक्स.-3 | 5 | प्लांट नं. 21 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | रौनक कुमार पिता लालचंद मेहता | वैभव पिता दिलीपकुमार जैन | विक्रय पत्र |
| 3 | 303x7/2025 | आनंद विहार एक्स.-3 | 5 | प्लांट नं. 21 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | अर्पिता पति रौनक कुमार मेहता | वैभव पिता दिलीपकुमार जैन | विक्रय पत्र |
| 4 | 304x7/2025 | आनंद विहार एक्स.-1 | 5 | प्लांट नं. 15 | कालो. सूर्यकांत पोरवाल द्वारा मु.आ. अजय पोरवाल | कौशल्याबाई पति सत्यनारायण कुमावत | निहारिका पति वैभव जैन | विक्रय पत्र |
| 5 | 305x7/2025 | न्यू आनंद विहार | 5 | प्लांट 35 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | पिंकी पति प्रकाश वाधवानी | कौशल्या पति कन्हैयालाल स्वर्णकार | विक्रय पत्र |
| 6 | 306x7/2025 | न्यू आनंद विहार | 5 | प्लांट 39 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | कोमल पति राजेश पागानी | कौशल्या पति कन्हैयालाल स्वर्णकार | विक्रय पत्र |
| 7 | 307x7/2025 | न्यू आनंद विहार 5 | 5 | प्लांट बी 5 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | खुशबू पति गिरीश संगतानी | विक्रय पत्र |
| 8 | 308x7/2025 | न्यू अग्रसेन नगर एक्स. | 5 | प्लांट 39 | अनुपकुमार पिता मुरलीधर अग्रवाल | अनुपकुमार पिता मुरलीधर अग्रवाल | योगेश पिता किशनचंद लवानी | विक्रय पत्र |
| 9 | 309x7/2025 | यश इनक्लेव | 39 | प्लांट 16 | सुशीलादेवी पति रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल द्वारा मु.आ. वेदांत पिता गौतम गनेड़ीवाल | सुशीलादेवी पति रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल द्वारा मु.आ. वेदांत पिता गौतम गनेड़ीवाल | शैलजा पति अशोक शुक्ला | विक्रय पत्र |
| 10 | 310x7/2025 | दत्त मंदिर रोड | 16 | म.नं.10/3 का भाग | स्व. अयोध्याबाई पति स्व. भवानीशंकर शर्मा | स्व. अयोध्याबाई पति स्व. भवानीशंकर शर्मा | श्यामसुंदर पिता स्व. भवानीशंकर शर्मा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 11 | 311x7/2025 | गौतम पद्मावती | 26 | प्लांट 14 | अभिनंदन पिता रामनिकलाल भाचावत उपेन्द्र पिता दीपककुमार भूता व आदि | अभिनंदन पिता रामनिकलाल भाचावत उपेन्द्र पिता दीपककुमार भूता व आदि | चंदाकुंवर पिता भारतसिंह चौहान | विक्रय पत्र |
| 12 | 312x7/2025 | गौतम पद्मावती | 26 | प्लांट 42 | सुनीलसिंह पिता भगवतीसिंह राजपूत व आदि | सुनीलसिंह पिता भगवतीसिंह राजपूत व आदि | गौरव पिता जगदीशचंद्र रत्नावत संजय पिता नंदलाल राठौर घनश्यामसिंह पिता किशोरसिंह चौहान | विक्रय पत्र |
| 13 | 313x7/2025 | महू नीमच रोड बीपीएल चौराहा | 13 | म.नं.175 का भाग | अशोक पिता सत्यनारायण शुक्ला | अशोक पिता सत्यनारायण शुक्ला | तरुण अरुण पिता कैलाश जैन रानू विजयवर्गीय पति अरुण | विक्रय पत्र |
| 14 | 314x7/2025 | न्यू आनंद विहार 1 | 5 | प्लांट 246 | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | मोहन पिता झमटमल मेघनानी व आदि | सिम्मी नायर पति कौशल आर्य कौशल पिता नारायण आर्य | विक्रय पत्र |
| 15 | 315x7/2025 | श्री शनि विहार | 34 | प्लांट नं.7 दक्षिणी भाग | रणजीतसिंह पिता ईश्वरसिंहजी | रणजीतसिंह पिता ईश्वरसिंहजी | रुचिका पति आकाश जैन | विक्रय पत्र |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

# पटवारी पद पर भर्ती के नाम पर 12 लाख रूपये लेने वाले आरोपी को 03 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती पुष्पा तिलगांम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा पटवारी परीक्षा के परीक्षार्थीयों से पटवारी की नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर 06 आवेदकगण से प्रत्येक से 02-02 लाख रूपये, इस प्रकार कुल 12 लाख रूपये लेकर धोखाधडी कर अमानत में खयानत करने वाले आरोपी रमेशचन्द्र बैरागी को भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 420 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं धारा 406 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास से एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकगण नितेश माली, अशोक किलोरिया, जय पाटीदार, नवीन माली, सुनीता धाकड़ व टीना धाकड ने ग्राम जावी निवासी रमेशचन्द्र पिता भगवतीदास बैरागी के विरूद्ध एक आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक नीमच को दिया था कि वे वर्ष 2023 में पटवारी परीक्षा की तैयारी कर रहें थे, तभी दिनांक 07.01.2023 से दिनांक 27.09.2023 के मध्य अनावेदक रमेशचन्द्र बैरागी उनसे मिला और कहा कि वह कलेक्टर कार्यालय नीमच से सेवानिवृत्त हैं और उसकी सभी विभागों में अच्छी पँहुच हैं। पटवारी परीक्षा के लिये फार्म भरों वह उन्हें नौकरी में लगवा देगा और कहा कि इसके लिये तुम प्रत्येक को 02-02 लाख रूपये देने होंगे। आवेदकगण ने यह भी बताया कि आरोपी रमेश ने उन्हें अन्य बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ फोटो दिखाकर भरोसे में लिया और प्रत्येक आवेदकगण से पटवारी पद पर नियुक्ति हेतु 02-02 लाख रूपयें, इस प्रकार कुल 12 लाख रूपये प्राप्त किये। आवेदकगण ने पटवारी भर्ती परीक्षा दी किन्तु आवेदकगण की नियुक्ति नहीं होने पर उनके द्वारा आरोपी से रूपये की मांग करने पर आरोपी ने उन्हें कहा कि अधिकारियों ने किन्ही अन्य को नौकरी दे दी हैं और रूपये वापस करने के टालमटोल करता रहा, इस प्रकार आरोपी रमेश ने धोखाधडी कर आपराधिक न्यासभंग का अपराध किया। आवेदकगण के आवेदन पर जाँच उपरांत थाना नीमच सिटी पर आरोपी के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 420 व 406 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने एक पेन ड्राईव भी जप्त की जिसमें आवेदक एवं आरोपी के मध्य उक्त परीक्षा एवं रूपयों को लेकर बातचीत हुई थी और आरोपी के कब्जे से आवेदकगण के दस्तावेजों की छायाप्रतियां भी जप्त की गई और अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में आवेदकगण, विवेचक व पंचसाक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी रमेश बैरागी को उसके कृत्ये के लिये कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 के अपराध में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000रू अर्थदण्ड व धारा 406 के अपराध में 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 2000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।



# जिले की 2811 लोकेशन में से 1235 लोकेशन की दरों में की वृद्धि

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक गाईड लाईन वर्ष 2025-26 के प्रस्ताव तैयार करने हेतु कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। जिले की 2811 लोकेशन में से 1235 लोकेशन की दरों मेंवृद्धि की गई।

मंदसौर शहरी एवं ग्रामीण कि कुल 1034 लोकेशनों में से 462 लोकेशनों की दरों मेंवृद्धि की गई। मल्हारगढ शहरी एवं ग्रामीण कि कुल 361 लोकेशनों में से 199 लोकेशनों की दरों में वृद्धि की गई। सीतामऊशहरी एवं ग्रामीण कि कुल 619 लोकेशनों में से 211 लोकेशनों की दरों में वृद्धि की गई। गरोठ शहरी एवं ग्रामीण कि कुल 226 लोकेशनों में से 123 लोकेशनों की दरों में वृद्धि की गई। शामगढ शहरी एवं ग्रामीण कि कुल 355 लोकेशनों में से 121 लोकेशनों की दरों में वृद्धि की गई। भानपुरा शहरी एवं ग्रामीण कि कुल 216 लोकेशनों में से 119 लोकेशनों की दरों में वृद्धि की गई। बैठक के दौरान जिला पंजीयक अधिकारी ने बताया कि पंजीयन विभाग वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत राजस्व अर्जित करने का अति महत्वपूर्ण विभाग है, पंजीयन विभाग की आय का मुख्य आधार बिन्दू अचल सम्पत्ति गाईड लाईन है जिसके आधार पर अचल सम्पत्ति के दस्तावेजों के बाजार मूल्य की गणना की जाती है तद्नुसार स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क वसूल किया जाता है वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गाईड लाईन न केवल पंजीयन विभाग का महत्वपूर्ण दस्तावेज है अपितु अन्य विभागों द्वारा भी आवश्यकता होने पर गाईड लाईन का उपयोग समय-समय पर किया जाता है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी एसडीएम, जिला पंजीयक, सब रजिस्टार मौजूद थे।

# धुलेंडी पर मंदसौर नगर में निकलेगी महागैर

## 31 क्विंटल हर्बल गुलाल व 11 क्विंटल फूलों से सराबोर होगा नगर

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महावीर फतेह करे सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) की गणपति चौक स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में पुलिस प्रशासन व समाज प्रमुखों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह राठौर उपस्थित हुए। उन्हें ग्रुप जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी द्वारा धुलेंडी पर्व 14 मार्च, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे जनकूपुरा स्थित गणपति चौक से मंदसौर नगर में निकाली जाने वाली रंगारंग महागैर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में लोकेन्द्र मंगल बैरागी ने बैठक में कहा कि मंदसौर में धुलेंडी पर्व पर गैर निकालने की परम्परा को बालाजी ग्रुप ने जीवित रखा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रुप द्वारा जनकूपुरा स्थित गणपति चौक से भव्य रंगारंग गैर मंदसौर नगर में निकाली जाएगी। अबकी बार गैर की विशेषता यह रहेगी की बच्चों की परीक्षाओं को देखते हुए यह महागैर डीजे मुक्त रहेगी। प्रातः 10 बजे जनकूपुरा स्थित गणपति चौक से प्रारंभ होगी। प्रारंभ में संतों के सानिध्य में बटुकों के मंगलाचरण व मंत्रोचार किया जाएगा। तत्पश्चात् समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। उसके पश्चात् महागैर निकलेगी जिसमें वृंदावन का महारास, मंदसौर के ढोल, तोप द्वारा फूल व गुलाल की बारिश विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। साथ ही फायर फायटर से रंगों व फूलों की बरसात भी की जाएगी। 31 क्विंटल हर्बल गुलाल व 11 क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। श्री बैरागी ने कहा कि बालाजी ग्रुप की गैर अनुशासन रूप से निकाली जाती है इसी परम्परा को इस वर्ष भी सभी सदस्य बनाये रखेंगे। ग्रुप द्वारा 51 कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई है। यह महागैर गणपति चौक से शुक्ला चौक, सांखला चौक, कालाखेत मेन रोड होते हुए होटल मेघदूत रोड, होते हुए पुराना बस स्टेण्ड पहुंचेगी जहां बडे बालाजी मंदिर पहुंचकर महागैर का समापन होगा। बैठक में शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्रसिंह ने कहा कि गेर में ध्यान रखे कि कोई नशा कर शामिल न हो तथा कोई किसी को जबरदस्ती रंग न लगाये। होली को सभी भाई चारे से मनाये। हुडदंग करने वालों पर पुलिस विशेष निगाह रखेगी।

# राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेले का शुभारंभ




**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला का कल मंगलवार की रात्रि को शुभारंभ हुआ। 48वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैयद मेला का शुभारंभ नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व मेला समिति सभापति श्रीमती खेरून बी शहजाद पटेल के द्वारा हजरत नाहर सैयद की दरगाह पर चादर पेश कर किया। मेला के शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष एवं मेला सभापति ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगणों एवं नपा के पार्षदगणों की मौजूदगी में बाबा साहब की दरगाह पर चादर पेश कर देश व प्रदेश में अमन शांति एवं खुशहाली के लिये दुआ मांगी। मेला के शुभारंभ के उपरांत रात्रि 10 बजे से देर रात्रि तक दरगाह परिसर में सुफियाना कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एहसान निसार एण्ड पार्टी व वफा फारूख हाशमी मंदसौर केद्वारा सुफियाना कव्वाली पेश की गई जिसे सूफी गीत संगीत को पसन्द करने वाले सभी श्रोताओं ने खूब पसंद किया।

इसके पूर्व नाहर सैयद दरगाह परिसर में नपा परिषद मंदसौर के द्वारा आयोजित मेला के प्रथम दिन अतिथि के रूप में सर्व श्री वकीलउद्दीन मियांजी सरकार, इसलिया बाबा गुमनामी, अंजुमन के पूर्व सदर एवं भाजपा के वरिष्ठनेता हाजी गुलामनबी शेख, जिला वक्फ बोर्ड सदर अमजद पठान सुवासरा, उपाध्यक्ष शाकिर गढवी, सदस्य हारून लाला झावल, समाजसेवी जीवन गोसर, इमरान अब्बासी, हाजी मेहमुद दिपलिया, अफजल हुसैन शाह आदि का स्वागत नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, मेला समिति सभापति खेरून बी शहजाद पटैल, मेला समिति सदस्यगण श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, गोवर्धन कुमावत, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय, श्रीमती कमरूनिशा आरिफ अंसारी, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद सुनीता भावसार, पूर्व नपा सभापति शेहजाद पटैल, पार्षद आशीष गौड, जिला वक्फ कमेटी सेकेट्री भूरे खां मेव, नाहर सैय्यद दरगाह कमेटी के इमरान खां मेव, समाजसेवी मो. खलील खान, हाजी अकिल कुरेशी, अजीजुल्लाह सर, शेर मोहम्मद खान आदि के द्वारा माला पहनाकर व बुके भेंटकर किया गया।



## एक और मृतक का अंतिम संस्कार किया बंसल ने

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सागर के रहने वाले श्री कमलेश कुमावत का कल दोपहर पशुपतिनाथ मंदिर परिसर मे निधन हो गया था। दिवंगत कमलेश टेंट हाउस पर काम करता था। पिछले कुछ महीनों से वह बीमार था गत दिवस कमलेश की मृत्यु हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता नितिन ब्रिवानी ने सुनील बंसल को सूचना दी। शव को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया एवं परिजनों को सूचना दी। परिजन देर रात तक जिला चिकित्सालय में पहुंचे सुबह उसका पोस्टमार्टम हुआ एवं चौकी प्रभारी नासिर दडवाल ने श्री बंसल को बताया कि इनका अंतिम संस्कार आपको कराना है। क्योंकि परिजन बाहर के है। मृतक बचपन से मन्दसौर ही रहता था। काम करता था उसका नाम कालू उर्फ कमलेश पिता गंगाराम उम्र 40 साल जाति कुमावत है। श्री बंसल को केशरीया जागृति मंच के महिला सम्मान समारोह में दलौदा जाना था, पर उन्होंने वहा जाना स्थगित कर दिया। श्री बंसल ने अंतिम क्रिया का सामान लेकर पोस्टमार्टम रूम में पहुंचकर जो परिजन थे उनके साथ शवयात्रा शिवना स्थित मुक्तिधाम पर ले जाकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया। मुखाग्नि सुनील बंसल एवं उनके बुआ के लडके तरुण ने जो सांवेर से आऐ थे उन्होंने दी। उनकी वृद्ध माता एवं परिवार की अन्य महिलाएं भी आई थी।

# सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ सम्पन्न

**मनासा, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सनातन सत्संग मंडल के तत्वाधान में 25वे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन में रामस्नेही संप्रदाय के युवा संत चेतनराम जी राम जी व संत राम जी केसानिध्य में पुलिस थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को बडी संख्या में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसमें बडी संख्या में नगरवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर लगातार हनुमान चालीसा के पाठ में भाग लेनेवाले भक्तजनों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सत्संग सभा को संबोधित करते हुवे रामस्नेही संप्रदाय केयुवा संत चेतन राम जी ने सनातन की परिभाषा बतलाते हुवे कहा की जो हमें सत्य से अवगत करादे वहीं सनातन हे बिना सनातन के हमारा उद्धार नहीं है।सनातन धर्मवाही तो हा हे इसलिए हमें अपनी सनातन पहचान को बनाए रखने हेतु सिर पर शिखा, मस्तक पर तिलक, हाथ में मोली होना जरूरी है।

इस पचीसवें हनुमान चालीसा के सामूहिक पाथवे इतनी बडी संख्या में सनातनियों का समागम होना सनातन का मजबूत होना दर्शाता हे।इस सत्संग में परमात्मा किसी न किसी रूप में हमारे बीच उपस्थित रहता हे। आज के इस कलयुग में जहां मोबाइल के माध्यम से व्यक्ति से व्यक्ति को तोड़ने का कार्य किया जा रहा हे वहीं इस सत्संग के माध्यम से व्यक्ति को व्यक्ति से जोडने का कार्य किया जा रहा हे जिससे व्यक्तियों में आपस में आत्मीयता, समर्पण का भाव बढ रहा हे यही सनातन धर्म की मजबूती का आधार हे। सत्संग में रहना मतलब सज्ज्न पुरुषों का संग होना हे हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सनातन को मजबूत करने के साथ ही हिन्दू समाज को संगठित करने का संदेश भी हे। हनुमान चालीसा के इस विराट आयोजन में भक्तों ने चेतनराम जी के गाए। भजन.... हम राम जी के, राम जी हमारे हे, वो दशरथ राज दुलारे हे, हम राम जी के राम जी हमारे हे..... का भक्ति भाव के साथ श्रवण किया। पुलिस थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के अवसर पर संत जनों का स्वागत समाजसेवी प्रद्युम्न मारू, थाना प्रभारी शिव रघुवंशी, लाला राठौर, अजय तिवारी, नरेंद्र सोडाणी, सत्य नारायण मुंगड, आदि नागरिकों ने किया साथ ही संत श्री ने मनासा पुलिस थाना प्रभारी शिव रघुवंशी को उनके जन्म दिन पर स्वागत के साथ आशीर्वाद प्रदान किया। नगर के भजन गायकों ने हनुमान जी के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।संचालन श्याम समदानी ने किया।

## कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच में नीमच ग्रामीण एवं नीमच नगरीय तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर, राजस्व प्रकरणों के निराकरण का जायजा लिया। उन्होने तहसील न्यायालयों में प्रचलित नामांतरण, बटवारा व अन्य राजस्व प्रकरणों की नस्तियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने आरसीएमएस की दायरा पंजी के पत्रक का अवलोकन किया। उन्होने आदेशों के अनुपालन की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने इस निरीक्षण दौरान निर्देश दिए, कि राजस्व न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का संबंधित पीठासीन अधिकारी निर्धारित सीमा में अनुपालन सुनिश्चित करवाए। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, तहसीलदार श्री प्रेमशंकर पटेल, श्री संजय मालवीय एवं सुश्री जागृति जाट भी उपस्थित थी।

## आज मेले में महफिले कव्वाली का कार्यक्रम होगा

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला समिति सभापति श्रीमती खेरून बी शहजाद पटेल, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आज दिनांक 13 मार्च गुरूवार को रात्रि 9 बजे मेला ग्राउंड में महफिले कव्वाली का कार्यक्रम होगा जिसमें बदायु उत्तरप्रदेश के कव्वाल पार्टी जुनैद सुल्तानी व नागपुर महाराष्ट्र की कव्वाल पार्टी रूबी ताज अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति देगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छोटे मियांजी सरकार श्री वकीलउद्दीन सा., लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दुर्गा विजय पाटीदार, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, विधायक श्री विपिन जैन, मंदसौर जनपद अध्यक्ष श्री बंसत शर्मा, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, पूर्व नपा सभापति श्री शहजाद पटेल, जिला वक्फ कमेटी सेकेट्री श्री भूरे खां मेव होंगे। मंदसौर व जिले के गणमान्य नागरिकों से नपा परिषद व मेला समिति अपील करती है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होवे। इस आशय की अपील मेला समिति सदस्यगण श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, गोवर्धन कुमावत, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय, श्रीमती कमरूनिशा आरिफ अंसारी व मेला अधिकारी पी.एस. धारवे ने की है।

# गिग और ई-प्लेटफार्म कामगारों के पेंशन लाभ को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया



**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सरकार का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के माध्यम से गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों को पेंशन लाभ प्रदान करने जा रही है। सरकार ने इस संबंध में कोई मसौदा विनियमन तैयार किया है और इसे कब तक तैंयार किया जाएगा। देश में गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों के अनुमानित श्रमबल का ब्यौरा क्या है। देश में गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों को सरकार द्वारा क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही है। प्रश्न के जवाब में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री सुश्री शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जून 2022 में प्रकाशित ष्भारत की तेजी से बढ़ती गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्थाष् शीर्षक वाली रिपोर्टके अनुमान के अनुसार, देश में गिग कामगारों और प्लेटफॉर्म कामगारों की संख्या वर्ष 2020-21 में 7.7 मिलियन थी, जो वर्ष 2029-30 तक बढ़कर 23.5 मिलियन होने की उम्मीद है। पहली बार, गिग कामगारों और प्लेटफॉर्म कामगारों की परिभाषा और इससे संबंधित उपबंध सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में प्रदान किए गए हैं जिसे संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है। यह संहिता गिग कामगारों और प्लेटफॉर्म कामगारों के लिए जीवन और नि:शक्तता कवरेज, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और प्रसूति प्रसुविधा, वृद्धावस्था संरक्षण आदि से संबंधित मामलों के लिए उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा उपाय करने का उपबंध करती है। संहिता में कल्याण योजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक सामाजिक सुरक्षा निधि की स्थापना का भी प्रावधान है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के गिग कामगारों के योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने दिनांक 1.2.2025 को की गई अपनी बजट घोषणा में ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण और पहचान-पत्र की व्यवस्था करने और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने का प्रस्ताव किया है।

# विहिप जिलाधीश को आज ज्ञापन देगा

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद् गौ रक्षा विभाग के नेतृत्व में देसी गौवंश संवर्धन रक्षण समिति द्वारा जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम गौ माता की रक्षा व गौ संवर्धन के विषय में ज्ञापन दिया जाएगा। विगत वर्षो मैं सरकार की मंशा के विरूद्ध गोवंश तस्करी में कमी नहीं आ रही है। इसके पिछे दलाल एवं मांस कारोबारियों का समूह सक्रिय है। हाल ही में घटिया जिला उज्जैन में आरोपियों ने 2000 गोवंश को लोकल स्लाटर कर, लोकल मार्केट में बेचना स्वीकार किया है। आरोपियों को के विरुद्ध 24 आरोप पंजीबद्ध होने के बाद भी बेख़ौफ़ गोमाता का कत्ल किया जा रहा है। पूर्व में भी मन्दसौर जिले के कणिजा में हुई गोवंश की हत्या में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगर जिले के सुसनेर के गोमांस सप्लाय की जानकारी मिली थी। देवास, महू, आगर, उमरिया, इन्दौर जैसे अनेक स्थानों पर गोमांस जप्त हुआ है। इसके पिछे बिचोलिया दलाल जैसा कि खण्डवा में गोवंश तस्करों से रूपये लेते हुए पुलिस जवानों का विडियो वायरल हुआ है जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए उन्हें निलंबित भी किया है। गोवंश की तस्करी में मध्यप्रदेया सहित राजस्थान, गुजरात, यूपी से होकर महाराष्ट्र छत्तीसगढ बार्डर पर बड़े स्तर पर साप्ताहिक पशु हाट बाजार मेलों के माध्यम से किसानों के नाम से गरीब निर्धनों का उपयोग कर तस्करी की जा रही है। मेला हाट बाजार तस्करों के इशारों पर संचालित हो रहे है इन्हें तत्काल बंद किया जाए। नीमच में मृत पशुओं को उठाने वालो द्वारा अवैध वसूली की जाती है।बिना पैसों के मृत पशु नहीं उठाते हैं।इन सभी मांगों को लेकर विश्व हिन्दू परिषद् गौ रक्षा विभाग द्वारा जिलाधीश को ज्ञापन दिया जाएगा। उक्त जानकारी विहिप जिला गौ रक्षा प्रमुख अमरदीप कुमावत ने दी है।



## अग्रवाल समाज ने मनाया फाग उत्सव

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनकपुरा गणपति चौक में स्थित भगवान श्री नरसिंह मंदिर में अग्रवाल समाज द्वारा भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सुमधुर भजनों के साथ अग्र बंधुओ ने भगवान श्री नरसिंह जी के साथ फूलों की होली खेली और जमकर भजनों का आनंद लिया श्रसंध्या से शुरू हुआ यह आयोजन देर रात तक चलता रहा जिसमें अग्र बंधुओं के साथ ही बड़ी संख्या में आसपास के पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया।

जनकूपुरा गणपति चौक में स्थित अति प्राचीन श्री नरसिंह मंदिर में अग्रवाल समाज द्वारा होली रंगभरी एकादशी के पर्व पर मंदिर परिसर में भव्य फाग उत्सव का आयोजन रखा गया जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक सतीश हाड़ा ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दीश्र एक से बढ़कर एक भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया और भगवान श्री नरसिंह जी के साथ फूलों की होली खेली। उत्सव में प्रसादी के लाभार्थी सुरेश गर्ग, मुकेश गुप्ता और ब्रजमोहन गर्ग की और से वितरित की गई।

## घुलेण्डी पर्व के अवसर पर कल शुष्क दिवस घोषित

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) में प्रदत्त शक्तियों के तहत मंदसौर जिले में घुलेण्डी पर्व के अवसर परकानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टित 14 मार्च 2025 को मंदसौर जिले की समस्त कम्पोजिटमदिरा दुकाने, शॉपबार, गोदाम, मद्य भण्डारगार एवं एफ.एल-2, एल. एल -3 बार, एफ.एल-2(क)(क), एम्पी वाईन शॉप सायं 4 बजे तक बंद रहेगी। उक्त अवधि को शुष्क दिवस घोषितकिया गया हैं।

**नाम परिवर्तन**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हुसैन पिता मुर्तजा बूटवाला ने अपना नाम परिवर्तन कर हुसैन से बदलकर हुसैन बूटवाला कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम हुसैन बूटवाला के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता-38/1, हाफिज कालोनी, मंदसौर (म.प्र.) 458002**

## खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जावद में चार संस्थानों में 28 खाद्य पदार्थों की जांच



**नीमच, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के एवं एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बुधवार को जावद में 4 संस्थानों का मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा फर्म मीनाक्षी मिष्ठान बस स्टैंड, रमेशचंद्र छिपा चार्ट सेंटर बस स्टैंड, शानू बेकरी एंड स्वीट्स व फर्म अग्रवाल स्वीट्स एंड नमकीन लक्ष्मीनाथ मार्ग का निरीक्षण किए गया। निरीक्षण समय चालित खाद्य प्रयोगशाला से कुल 28 खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की गई जिसमें मिठाई, नमकीन सेव, चटनी, आलू मसाला, पानी पूरी का पानी, मसाले आदि खाद्य पदार्थ है। निरीक्षण कर फर्म मीनाक्षी मिष्ठान से एक नमूना आम पाक लूज, फर्म रमेशचंद्र छिपा चाट सेंटर से एक नमूना पानी पूरी का पानी, फर्म शानू बेकरी एंड स्वीटस से एक नमूना मावा पेड़ा व फर्म अग्रवाल स्वीटस एंड नमकीन से एक नमूना मावा पेडा के लिये गए।।जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्टे प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही ही जाएगी। इस तरह की कार्यवाही जिले में निरन्तर जारी रहेगी। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने दी।

**✻ उठावना ✻**

स्व श्री कन्हैयालालजी के सुपुत्र व अंकित के पूज्य पिताजी व अनव के दादाजी समाजसेवी, भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के परम भक्त राजेन्द्र जी हेड़ा का स्वर्गवास दिनांक 11-03-2025 मंगलवार को हो गया है। जिनका उठावना आज 13 मार्च 2025 गुरुवार को दोपहर 2 बजे रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन, नयापूरा रोड, मंदसौर पर रखा गया।



नोट-शोक बैठक प्रतिदिन शाम 8:00 से 9:30 बजे निज निवास जीवागंज मंदसौर पर रखी गई हैं

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**अंकित हेड़ा**
**राजेन्द्र मशीनरी स्टोर्स**
**मोबाईल नंबर 9827581300**

# जनकूपुरा बड़ा रामद्वारा पर धुलेण्डी पर संत श्री ललितरामजी के प्रवचन

**मंदसौर, 12 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनकूपुरा अमर झमर बाग स्थित बड़ा रामद्वारा पर श्रीराम स्नेही सम्प्रदाय के फूलडोल महोत्सव के अंतर्गत 14 मार्च 2025 को धुलेण्डी के अवसर पर जहाजपुर से पधार रहे श्रीराम स्नेही संत श्री ललितरामजी महाराज एवं उनके शिष्य श्री ईश्वररामजी महाराज के प्रवचन होंगे। तत्पश्चात् प्रसादी वितरण होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठश्रीराम स्नेही भक्त श्री सूरजमल अग्रवाल (गर्ग) चाचाजी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धुलेण्डी के अवसर पर 14 मार्च 2025 शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 9 बजे से 10 बजे तक शाहपुरा से पधार रहे रामस्नेही सन्त श्री ललितरामजी महाराज एवं उनके शिष्य श्री ईश्वररामजी महाराज के प्रवचन होगा। अतः समस्त रामस्नेही भक्त, श्रद्धालुजन एवं मातृशक्ति आयोजन में समय पर उपस्थित होंगे।



श्री निर्भयभवन रामटेकरी के अधिष्ठाता एवं अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज केमार्गदर्शन में उक्त आयोजन वर्षों से होता रहा है, लेकिन परम पूज्य बापू श्री राम निवासजी महाराज उम्र व स्वास्थ्य की दृष्टि से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। श्री सूरजमल गर्ग चचाजी, हरिश गर्ग, संदीप गर्ग, रामेश्वर गर्ग, भगवानदास विजयवर्गीय, जगदीश चौधरी, दाउभाई विजयवर्गीय, हरिश विजयवर्गीय, पं. अशोक त्रिपाठी, सुभाष अग्रवाल ने विजयवर्गीय समाज, माहेश्वरी समाज, पालीवाल समाज, सोनी परिवार, जाट परिवार, राठौर परिवार, अग्रवाल समाज सहित समस्त माता बहनों व श्रद्धालुजनों से धुलेण्डी पर्व पर बड़ा रामद्वारा जनकूपुरा पहुंचकर संत का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रवचन का लाभ लेने का आग्रह किया है।

**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

**एम.डी. (स्कीन)**

**शनिवार दिनांक 15 मार्च को शाम 5 से रात 8 और रविवार 16 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं- ✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in